प्रदेश के टॉप 10 में शाजापुर जिले के तीन विद्यार्थी

माशिमं ने घोषित किया कक्षा 10वीं-12वीं का परीक्षा परिणाम

शाजापुर, 15 अप्रैल. माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को कक्षा 10वीं और 12वीं के परिणाम घोषित किए. परिणाम देखकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे. प्रदेश की टॉप 10 सूची में जिले के तीन विद्यार्थियों ने जगह बनाई है. जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शिप्रे ने बताया कि 10वीं शाजापुर जिला प्रदेश में 16वें और 12वीं में शाजापुर जिला प्रदेश में 14वें स्थान पर रहा.

प्राप्त जानकारी के अनुसार कक्षा 10वीं की परीक्षा में जिले से कुल 13205 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिनमें 12268 नियमित और 937 प्राइवेट छात्र थे. इनमें से 9717 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए. जिले का परीक्षा परिणाम 79.21 प्रतिशत रहा, जिससे शाजापुर प्रदेश में 16वें स्थान पर रहा. इसी तरह कक्षा 12वीं में कुल 9666 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी. जिनमें 8588 नियमित और 1078 प्राइवेट छात्र शामिल थे. इनमें से 7300 विद्यार्थी सफल हुए. जिले का परीक्षा परिणाम 83.79 प्रतिशत दर्ज किया गया और शाजापुर को प्रदेश में 14वां स्थान मिला.

10वीं का 90, तो 12वीं का 87 प्रतिशत परिणाम

सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय संदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाजापुर में कक्षा 10वीं में कुल 154 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 139 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की. इस प्रकार कक्षा 10 वीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा. वहीं कक्षा 12वीं में 151 विद्यार्थी शामिल हुए, जिनमें से 131 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए और कुल परिणाम 87 प्रतिशत दर्ज किया गया. इशा मालवीय ने 90 प्रतिशत अंक अर्जित कर कक्षा 12वीं प्रथम स्थान हासिल किया. प्रियांशी वर्मा ने 10वीं में 94 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया.



10वीं में पूनम और 12वीं में अंश ने किया टॉप

मक्सी, फेम गुरुकुल अकादमी के छात्र-छात्राओं ने मेरिट लिस्ट में जगह बनाकर स्कूल और नगर का नाम रोशन किया है. कक्षा 12वीं में अंश पटेल ने 96 फीसद अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. वहीं उर्वशी शर्मा 95.8 फीसद के साथ दूसरे और प्रियाणी भावसार 92.6 फीसद अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं. अन्य मेधावी छात्रों में सागर राजावत 92.4 फीसद, कुसुम वर्मा 92.2, स्नेहा परिहार 91.8, हनी भावसार 91.2 और कुशल बोडाना 91 फीसद ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया है. कक्षा 10वीं में प्रतिभा का प्रदर्शन कक्षा 10वीं का परिणाम भी अत्यंत गौरवशाली रहा. छात्रा पूनम यादव ने 97 फीसद अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया. इशिका पाटीदार 95.8 फीसद के साथ दूसरे और चंचल शर्मा 95.4 फीसद के साथ तीसरे स्थान पर रहीं. विद्यालय के अन्य टॉपर्स में निष्ठा भावसार 94.8, विनीता लोधी 94.4 फीसद, वैशाली राणासरा 94 फीसद, राजेश्वरी जाट 93.6 फीसद, सत्यम जलोदिया 93.2 फीसद, गौरव लोधी 92.4 फीसद, वैष्णवी आंजना 92.4 फीसद, खुशी मंडलोई 91.4 फीसद, वैदेही पाटीदार 91 फीसद, अंशुल शिवहरे 90.8, ईशा चौहान 90.8 फीसद और अर्चिता लोधी 90.4 फीसद शामिल हैं. विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व सफलता पर संस्था के डायरेक्टर अखिलेश मंडलोई, प्राचार्या श्रीमती सुनीता तोमर एवं उपप्राचार्य जॉनसन डेविड ने सभी छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई दी है.

ये रहे टॉपर...

प्रदेश की टॉप 10 सूची में शाजापुर के विद्यार्थियों ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है. कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय में शुजालपुर मंडी स्थित शासकीय सांदीपनि शारदा बालक उमावि की छात्रा शैली नेमा पिता अजय नेमा ने 483 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 8वां स्थान हासिल किया. वहीं कक्षा 10वीं में कालापीपल स्थित एसडी स्कॉलर्स हाई स्कूल की छात्रा रानी जैन पिता लाभमल जैन ने 491 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 9वां स्थान प्राप्त किया. इसी श्रेणी में कालापीपल के सहारा पब्लिक उमावि के छात्र आशू मीना पिता नंदकिशोर मीना ने 490 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया है.

उत्कृष्ट के विद्यार्थियों का भी उत्कृष्ट परिणाम...

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर में कक्षा 10वीं सत्र में 228 विद्यार्थियों में से 226 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए. इनमें से 215 विद्यार्थी उत्तीर्ण घोषित हुए. इस प्रकार कक्षा 10वीं का कुल परीक्षा परिणाम 95.12 प्रतिशत रहा. इस वर्ष विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की उत्कृष्ट परंपरा को बनाए रखा. इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा कक्षा 12वीं में 215 में से सभी 215 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 208 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए. इस प्रकार कुल परीक्षा परिणाम 96.74 प्रतिशत रहा. कक्षा 10वीं में रुद्र प्रताप सिंह चंदेल ने 483 अंक 96.6 फीसद प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया. जीव विज्ञान समूह में हेमलता सोलंकी 92.2, अंजली चौहान 91.6 एवं स्नेहा आर्य 87.8 ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया. कृषि समूह में राहुल नायक 85.4, शिवम पाटीदार 84.8 एवं मोहित 84.6 ने शीर्ष स्थान प्राप्त किए. गणित समूह में हाशिम खान 89.2, रानी गुप्ता 87.2 एवं मन्नत चतुर्वेदी 85.0 फीसदअंक प्राप्त कर अग्रणी रहे. वाणिज्य संकाय में श्रुती गामी 89.8, ऋषिका विश्वकर्मा 87.8एवं अरुण पंवार 81.6 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जबकि कला संकाय में अरविंद मालवीय 91.2, देवेंद्र गुर्जर 90.8 एवं कुणाल 89.0 ने श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किए.

एक नजर में

एबीवीपी ने मनाई अंबेडकर जयंती

मोहन बड़ोदिया, 15 अप्रैल. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मोहन बड़ोदिया नगर इकाई ने 14 अप्रैल को समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई. इस अवसर परए कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. इस दौरान एबीवीपी नगर मंत्री कनक सोनी सहित परिषद के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

इसरो भ्रमण पर जाएंगे शिक्षक व छात्राएं

शुजालपुर, 15 अप्रैल. मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित मिशन उत्कृष्टता कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश से 25 उत्कृष्ट शिक्षकों एवं 325 मेधावी विद्यार्थियों का चयन किया गया है. इस सूची में मां शारदा संदीपनि विद्यालय के रसायन शास्त्र शिक्षक गोपाल कारपेंटर तथा कक्षा 12वीं की छात्राएं सारिका सिंह एवं अनुष्का मेवाड़ा शामिल हैं. चयनित प्रतिभागी 20 अप्रैल से 28 अप्रैल तक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रमुख प्रक्षेपण केंद्र सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा का शैक्षणिक भ्रमण करेंगे. इस दौरान उन्हें अंतरिक्ष अनुसंधान से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और तकनीकों को नजदीक से समझने का अवसर मिलेगा. विद्यालय प्रबंधन ने इसे गर्व का विषय बताते हुए कहा कि इस प्रकार के अवसर विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें नवाचार के लिए प्रेरित करते हैं. इस उपलब्धि पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हर्षवर्धन चतुर्वेदी, विद्यालय प्राचार्य डॉ. रजनीश त्रिवेदी एवं उप प्राचार्य मुकेश नेमा ने चयनित शिक्षक एवं छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.

शुजालपुर में कंट्रोल रूम स्थापित

शाजापुर, 15 अप्रैल. रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए आने वाली तकनीकी समस्याओं के निराकरण के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शुजालपुर राजकुमार हलदर द्वारा अनुविभाग शुजालपुर में कंट्रोल रूम स्थापित कर कम्प्यूटर ऑपरेटर शादाब अली एवं सर्वेयर भूपेन्द्र राठौर की ड्यूटी लगाई गई है. उक्त अनुविभाग स्तरीय दल द्वारा गेहूं उपार्जन के दौरान प्राप्त होने वाली समस्याओं का जिला एवं राज्य स्तरीय स्थापित कंट्रोल रूम से समन्वय स्थापित कर कृषकों की समस्याओं का समयसीमा में निराकरण किया जाना सुनिश्चित करेंगे.

तीन दिवसीय विज्ञान प्रायोगिक विषय का प्रशिक्षण प्रारंभ

शाजापुर, 15 अप्रैल. राज्य शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थान भोपाल के निर्देशानुसार शाजापुर जिले के 116 हाई स्कूल और हाई सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 9वीं और 10वीं में विज्ञान विषय पढ़ाने वाले शिक्षकों का तीन दिवसीय विज्ञान विषय का प्रायोगिक प्रशिक्षण शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय शाजापुर में 15 से 17 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जा रहा है. इसके उद्घाटन सत्र में जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शिप्रे, सहायक संचालक पुष्पेंद्र ससत्या, डाईट प्राचार्य श्रीमती अनीता श्रीवास्तव, नोडल उत्कृष्ट प्राचार्य हेमेंद्र यादव, डाइट से एमडी शर्मा, मास्टर ट्रेनर कमल किशोर शर्मा व भरत कोली तथा जिले के सभी विद्यालय के विज्ञान विषय पढ़ाने वाले शिक्षक उपस्थित थे. जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में बताया कि विज्ञान विषय को प्रभावी बनाने के लिए बच्चों को विज्ञान विषय से संबंधित प्रायोगिक कार्य करवाना अत्यंत आवश्यक है. डाईट प्राचार्य श्रीमती अनीता श्रीवास्तव ने बताया कि विज्ञान विषय बच्चों को सोचने के लिए प्रेरित करता है. इससे उनमें समझ विकसित होती है.

कलेक्टर ने बायो इनपुट संसाधन केन्द्र का निरीक्षण किया

शाजापुर, 15 अप्रैल. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने बुधवार को राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन अंतर्गत विकासखण्ड मो. बड़ोदिया के ग्राम चौकी मुरादाबाद के उन्नतशील कृषक हरिसिंह ठाकुर के यहां स्थापित बायो इनपुट संसाधन केन्द्र का फीता काटकर शुभारंभ किया.

कलेक्टर सुश्री बाफना ने बायो इनपुट संसाधन केन्द्र में बनाए जा रहे इनपुट सामग्री, जीवामृत, बीजामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की. इस दौरान कलेक्टर ने संबंधितों को निर्देश दिए कि बीआरसी द्वारा निर्मित उत्पादों को जिले में प्राकृतिक खेती चयनित 25 क्लस्टर के 3125 कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से प्रशिक्षित कर उपयोग करने के लिए प्रेरित करें. परियोजना संचालक आत्मा डॉ. स्मृति व्यास ने बताया कि जिले में कुल 17 बीआरसी की स्थापना प्राकृतिक खेती के लिए कृषकों को प्रेरित करने एवं बायो इनपुट सामग्री आदि निर्माण कर उपलब्ध कराने के लिए की गई है. कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. डीके तिवारी द्वारा बायो डायजेस्टर यूनिट, जिसमें जीवामृत तैयार किया जाता है कि आदान साम्रगी तैयार होनी की अवधी तथा खेती में सूक्ष्म जीवाणुओं की संख्यों मे वृद्धि होने से खेती में होने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया. इस अवसर पर उपसंचालक कृषि आरएल जामरे, कृषि विस्तार अधिकारी आर लंकेश, ऋषभ चौहान, संतोष मेवाड़ा एवं पूजा भिलाला तथा अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे.

178 जोड़ों का विवाह और 22 जोड़ों का निकाह हुआ

ग्राम कुम्हारिया खास में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत हुआ आयोजन

शाजापुर, 15 अप्रैल. मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना अंतर्गत आज शाजापुर जिले की जनपद पंचायत मो. बड़ोदिया के कुम्हारिया खास में श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में 178 जोड़ों का सामूहिक विवाह एवं 22 जोड़ों का निकाह. इस प्रकार कुल 200 जोड़ों का विवाह एवं निकाह संपन्न हुआ. कार्यक्रम में विधायक अरुण भीमावद, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिंह सिसोदिया, कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना सहित अन्य अतिथियों ने नव विवाहित वर-वधुओं को आशीर्वाद देकर नवदाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दी.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण और सामाजिक न्याय के लिए निरंतर कार्यरत है. महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सरकार निरंतर प्रयास कर रही है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 16 अप्रैल से देश की संसद में 3 दिवसीय विशेष सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पूर्ण क्रियान्वयन को लेकर ऐतिहासिक चर्चा आयोजित की जाएगी. विधायक ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में सभी को योगदान देने के लिए कहा. इस दौरान विधायक एवं अन्य उपस्थित अतिथिगण ढोल-बाजे पर नृत्य करते हुए बारात में शामिल हुए. इस दौरान विधायक ने सरपंच संघ द्वारा कन्याओं को उपहार स्वरूप वाटर केम्पर दिए, जिसकी उन्होंने प्रशंसा की. कलेक्टर ने नव विवाहित वर-वधुओं को नए जीवन में प्रवेश पर शुभकामनाएं दी. इस दौरान मालवी लोकगीत भजन मंडल ग्राम झोंकर के कलाकार बाबूलाल धोलपुरे एवं दिनेश कुमार धोलपुरे के दल द्वारा मालवीय लोकगीत भजन एवं संगीतमय कबीर गायन की प्रस्तुति दी गई.

फूलमाली समाज ने लक्ष्मी पुष्पद को किया सम्मानित

गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में विशेष अतिथि के रूप में हुई थी शामिल

शाजापुर, 15 अप्रैल. बुधवार को सकल पंच फूलमाली परगना पंचायत तलेनी जिला राजगढ़ एवं शाजापुर क्षेत्र के तत्वावधान में सकल पंच फूलमाली परगना पंचायत का 21वां सामूहिक विवाह सम्मेलन शाजापुर जिले के ग्राम मंडोदा में आयोजित किया गया. सम्मेलन में फूलमाली समाज की बेटी लक्ष्मी पुष्पद पिता नारायण सिंह पुष्पद ग्राम करजू को राष्ट्रीय स्तर पर समाज का नाम गौरवान्वित करने हेतु सम्मानित किया गया.

उल्लेखनीय है कि लक्ष्मी एनएसएस से गणतंत्र दिवस समारोह 2026 नई दिल्ली में विशेष अतिथि रहीं. वे शाजापुर जिले सहित उज्जैन संभाग से एनएसएस की पहली प्रतिभागी हैं, जिन्हें यह सम्मान मिला. उनके साथ उनके पिता नारायण सिंह पुष्पद भी अभिभावक के रूप में आरडीसी स्पेशल गेस्ट अभिभावक रहे. लक्ष्मी को पुष्पहार एवं उपर्णा पहनाकर सम्मानित करते हुए सम्मेलन समिति ने हर्ष व्यक्त किया और कहा कि लक्ष्मी पुष्पद ने अपनी प्रतिभा से समाज का मान बढ़ाया है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी. इस अवसर पर फूलमाली परगना पंचायत अध्यक्ष तेजसिंह तलेनी, परगना सचिव निर्मल पुष्पद, धर्मेन्द्र पुष्पद तलेनी, नवयुवक फूलमाली समाज अध्यक्ष रूपसिंह पुष्पद, उपाध्यक्ष श्याम मैकेनिक, सम्मेलन अध्यक्ष बाबूलाल पुष्पद, सम्मेलन उपाध्यक्ष रामचरण, बालूलाल आचार्य, हरिनारायण, बाबूलाल, कोषाध्यक्ष पिंटू पुष्पद, संजू पुष्पद, सचिव दिलीप, अनिल पुष्पद आदि ने लक्ष्मी पुष्पद के उज्जवल भविष्य की कामना की.

सेन समाज ने मनाई 726 वी जयंती

मोहन बड़ोदिया, 15 अप्रैल. संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जयंती मोहन बड़ोदिया में धूमधाम से मनाई गई.

सुबह चल समारोह खेड़ापति मंदिर से प्रारंभ होकर बड़ी पंथी दाऊजी के मंदिर फूलचंद चौराहा होकर वापस खेड़ापति हनुमान जी के मंदिर पर समापन हुआ. चल समारोह में समाज के अध्यक्ष सुरेश वर्मा, रमेश वर्मा, शिवनारायण वर्मा, रामप्रसाद सेन, घनश्याम वर्मा, रिंकू वर्मा, दिनेश वर्मा, विनोद वर्मा, पीयूष वर्मा, कमल सेन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे. समाज के लोगों ने पूजा-अर्चना कर प्रसादी का वितरण किया.

एक नजर में

बैस ने नांदला में कराई श्री नागचंद्रेश्वर महादेव की स्थापना, धार्मिक अनुष्ठान हुए

2011 में लिया था संकल्प, 2026 में प्राण-प्रतिष्ठा के साथ पूरा हुआ

मक्सी, 15 अप्रैल. जहां चाह, वहां राह... इस पंक्ति को चरितार्थ किया है मक्सी निवासी भगवान सिंह बैस ने, जिन्होंने 15 वर्षों की अटूट आस्था और समर्पण के बाद अपने संकल्प को साकार किया. वर्ष 2011 में बैस के मन में भगवान भोलेनाथ के प्रति गहरी श्रद्धा और भक्ति की भावना जागृत हुई. उसी समय उन्होंने संकल्प लिया कि वे अपने पैतृक ग्राम नांदला में महादेव की स्थापना करेंगे, जिसे निरंतर प्रयासों के चलते उन्होंने 2026 में साकार कर लिया.

समीपस्थ ग्राम नांदला में आस्था के केंद्र नवनिर्मित श्री नागचंदेश्वर महादेव मंदिर में भगवान की भव्य प्राण-प्रतिष्ठा का महोत्सव मंगलवार को धार्मिक वातावरण में संपन्न हुआ. धार्मिक अनुष्ठानों के साथ वेदमंत्रों की गूंज के बीच महादेव के विग्रह को मंदिर के गर्भगृह में स्थापित किया गया. इस अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. पूजन और अभिषेक के बाद विशाल महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें नांदला सहित मक्सी और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी जनता ने शिरकत की और प्रसादी ग्रहण की. इस अवसर पर मक्सी भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद गोलू पटेल, मंडल महामंत्री सुनील नानू पंड्या, मंडल मंत्री दयाराम मंडलोई, मनोज पटेल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

इनका रहा विशेष सहयोग...

कार्यक्रम को सफल बनाने में भगवान सिंह बैस, जगपाल सिंह बैस, युवराज सिंह बैंस एवं समस्त नांदला ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा. आयोजन समिति ग्राम नांदला ने इस पुनीत कार्य में तन, मन और धन से सहयोग करने वाले सभी भक्तों का आभार व्यक्त किया है. प्राण-प्रतिष्ठा के बाद मंदिर को आम श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिया गया है.

जोशी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की

शुजालपुर, 15 अप्रैल. ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को मध्यभारत के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. पंडित लीलाधर जोशी की पुण्यतिथि पर उनकी समाधि स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान क्षेत्र के कांग्रेस पदाधिकारियों, नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धापूर्वक उन्हें नमन करते हुए पुष्प अर्पित किए. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड़ ने कहा कि बा साहब का जीवन सादगी, समर्पण और सेवा का प्रतीक था, जो आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है. इस अवसर पर गजेन्द्र सिसोदिया, रचना जैन, अचल सिंह मेवाड़ा, सागर परमार, अशोक परमार, महेंद्र नाहर, आलोक श्रीवास्तव, अनिल नालमे, मनोहर जाटव, बबली जैन, मोहन सिंह पंवार, अजब सिंह मेवाड़ा, रामचरण परमार, मनोहर मेवाड़ा, कैलाश कुशवाह, गौरव परमार, विष्णु शर्मा, मोहन धनगर आदि मौजूद थे.